व्यावसायिक योग्यताओं के प्रमाणन की क्या प्रक्रिया है ?

क्या आप जर्मनी में रहते हैं और आपने ईयू के बाहर अपनी शिक्षा या व्यावसायिक योग्यता प्राप्त की है और अब आप जर्मनी में काम करना चाहते हैं ? योग्यता के प्रमाणन के लिए निम्नलिखित चरणों पर ध्यान दीजिये:

क्या आप अपने सन्दर्भ व्यवसाय को जानते हैं ?

नहीं

हाँ

विचारार्थ व्यवसाय का निर्णय

जर्मनी में प्रमाणन • www.anerkennung-in-deutschland.de पर स्वयं परीक्षण एवं परामर्श (टेलीफोन द्वारा और व्यक्तिगत रूप से भी संभव)

Anabin • विदेशी डिग्रियों के बारे में जानकारी www.anabin.kmk.org पर प्राप्त कीजिये।

BQ पोर्टल • विदेश में हासिल की गई व्यावसायिक योग्यताओं के बारे में www.bq-portal.de पर जानकारी प्राप्त कीजिये।

मेक इट इन जर्मनी • www.make-it-in-germany.com पर हॉटलाइन "जर्मनी में काम और जीवन"।

IQ नेटव • अपने पास के परामर्श केंद्र एवं स्थानीय संपर्क के लिए www.netzwerk-iq.de पर जाएँ।

संभावित रोज़गार

यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट शैक्षिक क्षेत्र में काम कर सकते हैं। अपनी डिग्री के आधार पर जर्मनी में आप कौन सा काम कर सकते हैं, इससे सम्बंधित जानकारी आपको www.berufenet.arbeitsagentur.de पर मलिेगी।

क्या आपका विचारार्थ व्यवसाय अ. नियमित ब. गैर-नियमित है ?

अ

ब

मूल्यांकन प्रक्रिया

मूल्यांकन प्रक्रिया अधिकतर हर मामले में विशेष होती है। इसके लिए भिन्न-भिन्न नियम और संपर्क व्यक्ति हैं। इस प्रक्रिया में चार महीने तक लग सकते हैं और नियमतः इसकी कीमत 100 – 600 पर जाएँ।

वसि्तृत जानकारी के लएि www.anerkennung-in-deutschland.de पर जाएँ।

मेरे व्यावसायिक क्षेत्र के लिए कौन सा मान्यता केंद्र उपयुक्त है ?

मान्यता सूची **www.anerkennung-in-deutschland.de** से आपको पता चल जाएगा कि कौन सा मान्यता केंद्र आपके लिए उपयुक्त है और आपको किन दस्तावेज़ों की आवश्यकता है।

दस्तावेजों का अनुवाद और उनको प्रमाणित कराना

पता कीजिये कि आपको किन महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अनुवाद और प्रमाणन कराना है। उदाहरण के लिए ये आपकी डिग्रियाँ और कार्य सम्बंधित प्रमाण-पत्र हो सकते हैं।

सरकारी मान्यता प्राप्त दुभाषिये और अनुवादक की एजेंसी के बारे में जानकारी **www.justiz-dolmetscher.de** पर और रोज़गार के लिए जर्मन कार्यालय (**www.arbeitsagentur.de**) पर मिलेगी।

तुलनात्मक मूल्यांकन के लिए आवेदन

प्रमाणन के लिए आर्थिक सहायता

आप प्रमाणन पर हुए व्यय के लिए आर्थिक सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। पहले रोज़गार के लिए जर्मन रोज़गार कार्यालय में पता कीजिये (www.arbeitsagentur.de)। अधिक जानकारी और आवेदन पत्र www.anerkennungszuschuss.de पर मिलेंगे।

स्वैच्छिक प्रमाणन प्रक्रिया

स्वैच्छिक प्रमाणन के बाद जर्मनी के कामकाजी क्षेत्र में बेहतर अवसर, उच्च शिक्षा और यहाँ तक कि बेहतर मानदेय संभव है। पर विदेश में प्राप्त की गई सभी व्यावसायिक योग्यताओं को जर्मनी में गैर-नियमित विचारार्थ व्यवसायों में मान्यता नहीं प्राप्त होती है।
गैर-नियमित विचारार्थ व्यवसाय वाले यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट सर्टिफिकेट का प्रमाणन करवा सकते हैं। इससे संबंधित जानकारी Anabin (www.anabin.kmk.org) पर या ZAB (www.www.kmk.org/zab) पर प्राप्त कीजिये।

सकारात्मक

पूर्ण रूप से समकक्ष: आपकी योग्यता मान्य है।

आंशिक रूप से सकरात्मक

बहुत अधिक भिन्नताएं हैं: आपकी योग्यता की तुलना जर्मनी की शैक्षिक योग्यता से कुछ बिन्दुओं पर vकी जा सकती है पर कुछ बिन्दुओं पर नहीं। आपका प्रार्थना पत्र अस्वीकार कर दिया गया है।

मान्यता प्राप्त करने के लिए अब आप क्या कर सकते हैं इस सम्बन्ध में परामर्श के लिए जानकारी IQ नेटवर्क (www.netzwerk-iq.de) पर प्राप्त कर सकते हैं।

नकारात्मक

किसी प्रकार की तुलना संभव नहीं है। विदेश में प्राप्त की हुई आपकी योग्यताओं की और जर्मन डिग्रियों की तुलना संभव नहीं है। आपका आवेदन अस्वीकार कर दिया गया है।

अब आप क्या का सकते हैं इससे सम्बंधित जानकारी आपको IQ नेटवर्क (www.netzwerk-iq.de) पर मिलेगी।

नौकरी के लिए आवेदन

आप उन सभी क्षेत्रों में, जिनमे आपने योग्यता हासिल की हुई है, आवेदन कर सकते हैं। उदहारण के लिए इससे संबंधित जानकारी आपको जर्मन रोज़गार एजेंसी (**www.arbeitsagentur.de**) या मेक इन जर्मनी (**www.make-it-in-germany.com**)। पर मिल जायेगी। यह ध्यान रखियेगा कि कुछ क्षेत्रों में पहले एक पारिभाषिक शब्दावली से अवगत होने का कोर्स सफलता पूर्वक समाप्त करना पड़ता है।

जर्मन भाषा का ज्ञान

जर्मन भाषा का अच्छा ज्ञान व्यावसायिक जीवन में शुरुआत के लिए अच्छा होता है। यहाँ अधिकतर B1 स्तर का ज्ञान अपेक्षित होता है। जर्मन भाषा सम्बंधित कोर्स की जानकारी के लिए www.goethe.de.

कुछ क्षेत्रों में भाषा का किसी विशेष स्तर का सर्टिफिकेट माँगा जाता है। आपके काम के लिए आपको किस स्तर के सर्टिफिकेट की आवश्यकता पड़ेगी इस जानकारी के लिए IQ नेटवर्क (www.netzwerk-iq.de) के परामर्श स्थल पर जाएँ।

नौकरी करने की अनुमति के लिए आवेदन रोजगार अनुबंध हासिल कर लेने के पश्चात

आप्रवास कार्यालय • परामर्श के लिए पास के सेवा केंद्र को ढूँढने के लिए www.goethe.de/mwnd "Mein Weg nach Deutschland" पर जाएँ।

यह इन्फोग्रफिक प्रमाणीकरण प्रक्रिया का एक सरलीकृत चित्रण है और आपको दिशा प्रदान करता है। इसकी कोई कानूनी बाध्यता नहीं है।

Europäische Union

Europa fördert
Asyl-, Migrations-, Integrationsfonds

यह परियोजना (एसाइलम, माइग्रेशन एंड इंटीग्रेशन फण्ड) शरणार्थी, प्रवासन व एकीकरण निधि से सह -वित्तपोषित है।